सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने किया उद्घाटन

# फुलवारी में हाईटेक बस स्टैंड एयरपोर्ट जैसी होगी फैसिलिटी

**GOOD NEWS**

## एक छत के नीचे मिलेगी परिवहन विभाग की सभी सुविधाएं

**फुली एसी ग्रीन कैंपस में आधुनिक वेटिंग हॉल, बसों के लिए बनाए गए प्लेटफॉर्म**

patna@inext.co.in

**PATNA (16 May):** अब पटना में एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक सरकारी बस स्टैंड की सुविधा मिलेगी. चकाचक एसी परिसर और हर जिले की बसों के लिए अलग प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं. फुलवारीशरीफ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को नए परिवहन परिसर का उद्घाटन किया. यहां मुंबई और भोपाल की तरह सुविधा मिलेगी. यहां से पटना एवं विभिन्न जिलों के लिए बसें खुलेंगी.

### सुविधा देना प्राथमिकता: सीएम

सीएम ने मौके पर कहा कि लोगों को सुविधा मुहैया कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है. इसलिए फुलवारी शरीफ में नया परिसर बनाया गया है. इसी परिवहन परिसर में एक ही छत के नीचे विभाग के सभी काम एक होंगे.

### फाइव स्टार का होगा अनुभव

वीआईपी और वीवीआईपी के लिए परिसर में न सिर्फ अलग से रिसेप्शन काउंटर बनाए गए हैं, बल्कि गेस्ट हाउस की की व्यवस्था भी की गई है.




● फुलवारी शरीफ स्थित परिवहन भवन.

### हर जिले की बसों के लिए अलग-अलग होंगे प्लेटफॉर्म

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिलों और शहर के लिए खुलने वाली बसों के लिए हाईटेक तरीके केप्लेटफार्म तैयार किए गए है. बस हर दिन निर्धारित समय और निर्धारित प्लेटफॉर्म पर लगेगी. इस व्यवस्था के लागू होने से दूर-दराज की यात्रा करने वाले यात्रियों को बस ढूढने के लिए इधर-उधर भटकना नही पड़ेगा. शुरूआती समय में इलेक्ट्रिक बसों को प्रयोग के तौर शुरू किया जाएगा. इसके बाद जिलों के लिए खुलने वाली बसों का परिचालन शुरू होगा.

SEE PG 3

### एयरपोर्ट की तरह वेटिंग हॉल

यहां बन रहे वेटिंग हॉल को एयरपोर्ट की तर्ज बनाया जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि बस स्टैंड पर सबसे अधिक समस्या यात्रियों को बैठने की होती है. इससे निजात दिलाने के लिए स्टील चेयर की व्यवस्था की गई है. ये चेयर डिफरेंट प्लेटफॉर्म पर लगाए जा रहे हैं. बसों के आवागमन की सूचना के लिए प्लेटफॉर्म के पास डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए जाएंगे.

### टिकट सिस्टम ऑनलाइन

जिला परिवहन अधिकारी श्रीप्रकाश ने बताया कि नए परिसर में बुधवार से सामान आने लगेगा. हालांकि बस संचालन में थोड़ा समय लगेगा. परिसर पूरी तरह से हाईटेक है इसलिए यहां टिकट सिस्टम भी ऑफ लाइन के साथ ऑन लाइन रहेगा. बुधवार से इंस्टॉलेशन का काम शुरू होगा. 15-20 दिन में परिसर पूरी तरह से ऑपरेशन के लिए तैयार हो जाएगा. इसके बाद धीरे-धीरे बसों का परिचालन भी शुरू होगा.



● एसी वेटिंग हॉल में बैठे पटनाइट्स.



● उद्घाटन करते सीएम व डिप्टी सीएम.